| Name of the Programme coordinator/convenor | Capt. (Dr.) Anil Kumar, Lt. (Dr.) Reena & Dr. Manish Kumar |
| Designation: | NCC Officer |
| Department: | National Cadet Corps |
| Number of Students Benefited | 170 |

## REPORT

वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन सी सी विंग के तत्वावधान में महाविधालय प्रांगण में चल रहे एनसीसी सप्ताह के दूसरे दिन कैडेट्स को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पाठ पढाया गया। महाविधालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य में एवं एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ.अनिल तंवर, डॉ. मनीष कुमार व डॉ. रीना के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स के लिए यातायात सुरक्षा नियमों पर आधारित एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ताजिला यातायात पुलिस के सब इंस्पेक्टर रामनिवास रहे। इस अवसर पर कैडेट्स को संबोधित करते हुए यातायात पुलिस के सब इंस्पेक्टर रामनिवास ने सड़क सुरक्षा अभियान पर तथ्यात्मक व्याख्यान देते हुए बताया कि विद्यार्थी सजग रहते हुए यातायात नियमों का पालन करे क्योंकि भारत में सड़क पर लापरवाही से हर साल लाखों लोगो की जान जाती हैं। इसलिए हम सबको एतिहात बरतते हुए सड़क सुरक्षा व यातायात नियम की पालना आवश्यक रुप से करनी चाहिए। सब इंस्पेक्टर रामनिवास ने एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा नियमों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि भारत में 70% मौतें सड़क दुर्घटना की वजह से होती है ,जिसमें हेलमेट ना पहनना तथा सीट बेल्ट न लगाना मुख्य कारण रहता है। आजकल के बच्चे यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं ,जैसे गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करते हैं, नशे की हालत में ड्राइव करते हैं, हेलमेट का प्रयोग नहीं करते हैं, सीट बेल्ट नहीं लगाते हैं आदि जो कि सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। सब इंस्पेक्टर रामनिवास ने बताया कि हमें किन-किन यातायात नियमों का पालन करना चाहिए जैसे पैदल चलते वक्त हमेशा फुटपाथ का प्रयोग करना चाहिए और जहां फुटपाथ ना हो वहां सदैव सड़क के बाए ओर से चलना चाहिए। वाहन चलाते या सड़क यात्रा के वक्त कभी जल्दबाजी ना दिखाएं, कभी भी सिग्नल तोड़कर या जल्दबाजी में भागकर रास्ता पार ना करें। सड़क पार करते वक्त जेब्रा क्रॉसिंग, फुट ओवर ब्रिज करे और जहां यह सुविधाएं ना हो, वहा सड़क के दोनो तरफ देखकर ही सड़क पार करें।कभी भी रेड सिग्नल पर सड़क पार करने का प्रयास ना करें। सड़क पार करते वक्त हमेशा ग्रीन सिग्नल का ध्यान रखे। पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसे की बस आदि में दौड़कर चढ़ने की कोशिश ना करें।उतरते वक्त भी बस के पूरी तरह से रुकने पर ही उतरें, कभी भी चलते बस से उतरने का प्रयास ना करे।कभी भी नशे के हालत में वाहन ना चलायें। साथ ही साथ सब इंस्पेक्टर रामनिवास ने सभी एनसीसी कैडेट्स को यातायात सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलवाई तत्पश्चात कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सुधा रानी व सब इंस्पेक्टर रामनिवास ने एनसीसी कैडेट्स को हरी झंडी दिखाकर यातायात सुरक्षा नियमों की जागरूकता रैली को रवाना किया एनसीसी कैडेट्स ने सड़क पर यातायात सुरक्षा नियमों का पालन ना करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर बहुत ही प्यार से यातायात नियमों के बारे में बताया और भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प दिलवाया। अंत में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सुधा रानी, कैप्टन डॉ.अनिल तंवर , डॉ. रीना ने सब इंस्पेक्टर रामनिवास को प्रशंसा पत्र देकर उनका आभार व्यक्त किया। एक दिवसीय शिविर में वैश्य महाविधालय के स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग , डॉ. वंदना वत्स,डॉ. सरिता गोयल,डॉ.पूनम वर्मा, और सूबेदार नीरज आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कैंप का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

(Signature of Programme coordinator)

Principal
Principal,
VAISH COLLEGE
BHIWANI

N.C.C. OFFICER
VAISH COLLEGE,
BHIWANI

# VAISH COLLEGE, BHIWANI

PROGRAMME REPORT PROFORMA

| | |
|---|---|
| Title of the Programme/event/activity: | **Poster Making, Slogan Writing & Rangoli Competition** |
| Date of the Programme/event/activity: | **23.11.2022** |
| Venue of Programme/event/activity: | **Vaish College, Bhiwani** |
| Name of the Programme coordinator/convenor | Capt. (Dr.) Anil Kumar, Lt. (Dr.) Reena & Dr. Manish Kumar |
| Designation: | NCC Officer |
| Department: | National Cadet Corps |
| Number of Students Benefited | 180 |

## REPORT

वैश्य महाविद्यालय के प्रांगण में एनसीसी सप्ताह मनाते हुए तीसरे दिन महाविधालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ.अनिल तंवर, डॉ. मनीष कुमार व डॉ. रीना के मार्गदर्शन में कैडेट्स के लिए स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग ,रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिनके विषय देशभक्ति, अनेकता में एकता, युवा की भारत निर्माण में भूमिका आदि रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मधुरानी ,अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डॉ.सरिता गोयल, अर्थशास्त्र की प्राध्यापिकाडॉ. मोनिका मित्तल ने निभाई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हिमांशु, द्वितीय स्थान शिवम तंवर व तृतीय स्थान संयुक्त रूप से नेहा व नेहा बाल्मीकि ने प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग कंपटीशन में निर्णायक मंडल की भूमिका रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती सविता जैन, हिंदी विभाग की प्रवक्ता आशा रानी व सुरुचि गुप्ता ने निभाई। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा बाल्मीकि, द्वितीय स्थान दिव्या व तृतीय स्थान संयुक्त रूप से नेहा व कविता ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ अंजू राजन, डॉ वंदना वत्स तथा डॉ श्रुति रानी ने निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा व मुस्कान ने द्वितीय स्थान अंशु व प्रियंका ने तथा तृतीय स्थान नेहा सैनी व उर्वशी ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के अनेकों स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

(Signature of Programme coordinator)

Principal
Principal,
VAISH COLLEGE
BHIWANI

N.C.C. OFFICER
VAISH COLLEGE,
BHIWANI

# VAISH COLLEGE, BHIWANI

PROGRAMME REPORT PROFORMA

| | |
|---|---|
| Title of the Programme/event/activity: | **Blood donation camp** |
| Date of the Programme/event/activity: | **24.11.2022** |
| Venue of Programme/event/activity: | **Vaish College, Bhiwani** |
| Name of the Programme coordinator/convenor | Capt. (Dr.) Anil Kumar, Lt. (Dr.) Reena & Dr. Manish Kumar |
| Designation: | NCC Officer |
| Department: | National Cadet Corps |
| Number of Students Benefited | 170 |

## REPORT

वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन सी सी विंग के तत्वावधान में महाविधालय प्रांगण में चल रहे एनसीसी सप्ताह के चौथे दिन वीरवार को वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन. सी. सी. इकाई के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 124 युवाओं ने अपना एच बी टेस्ट व थीलीसीमिया का टेस्ट करवाया। 230 युवाओं ने इस अवसर पर रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। रक्तदान शिविर में 31 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ । रक्तदान, एच बी व थीलीसीमिया टेस्ट, डॉ.मोनिका, डॉ. नवीन अंचल की देख रेख में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलसचिव श्रीमती ऋतु सिंह ने कहा कि रक्त की एक बूंद असहाय को नया जीवन प्रदान करती है। रक्तदान से बढ़कर दूसरा कोई दान नहीं है। उन्होनें कहा कि रक्त की एक यूनिट 3 लोगो को जीवन दान देने का कार्य करती हैं तथा हर व्यक्तियों को कई प्रकार की बिमारियो से बचाती हैं उन्होनें कहा कि महाविधालय की एन सी सी यूनिट के कैडेट्स द्वारा कैंप में की जा रही शिक्षेत्तर गतिविधियाँ सराहनीय है । वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के महासचिव डॉ.पवन बुवानी वाला ने अपने सम्बोधन मे कहा कि आज युवा वर्ग ने रक्तदान कर बड़ा पुण्य का कार्य किया है ,इस पहल के लिए हर युवा को आगे आना चाहिए तकि जरूरतमंद व्यक्ति को बचाया जा सके। आज महाविद्यालय के प्राचार्य डाॅ.संजय गोयल के सानिध्य में एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ.अनिल तंवर, डॉ. मनीष कुमार व डॉ. रीना के मार्गदर्शन में महाविधालय प्रांगण में चल रहे एनसीसी सप्ताह के चौथे दिन वीरवार को वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन. सी. सी. इकाई के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर रक्तदान करने वाले रक्तवीरो का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डाॅ.संजय गोयल, एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ.अनिल तंवर, कैप्टन नीरज, डॉ. मनीष कुमार व डॉ. रीना, डॉ.प्रोमिला सुहाग, विष्णुकांत, रीतेश गोयल, चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के रक्तकोष की प्रभारी डॉ.मोनिका डॉ. नवीन अंचल, ज्योति, तनु,मीनाक्षी,प्रवीण,राजबाला, पान सिंह,पिंकी,राखी एवं महाविद्यालय परिवार के अनेकों स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

(Signature of Programme coordinator)

Principal

Principal,
VAISH COLLEGE
BHIWANI

N.C.C. OFFICER
VAISH COLLEGE,
BHIWANI

\

# VAISH COLLEGE, BHIWANI

PROGRAMME REPORT PROFORMA

| | |
|---|---|
| Title of the Programme/event/activity: | **Extension lecture on M.S.C., Career in Defence & Career Counseling** |
| Date of the Programme/event/activity: | **25.11.2021** |
| Venue of Programme/event/activity: | **Vaish College, Bhiwani** |
| Name of the Programme coordinator/convenor | Capt. (Dr.) Anil Kumar, Lt. (Dr.) Reena & Dr. Manish Kumar |
| Designation: | NCC Officer |
| Department: | National Cadet Corps |
| Number of Students Benefited | 185 |

## REPORT

वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन सी सी विंग के तत्वावधान में महाविधालय प्रांगण में चल रहे एनसीसी सप्ताह के पांचवे दिन शुक्रवार को वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन. सी. सी. इकाई के तत्वावधान में महाविद्यालय में एसएसबी प्रोसीजर एंड कैरियर इन डिफेंस व केरियर काउंसलिंग एवं पर्सनलटी डवलपमेंट विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डीआरडीओ नई दिल्ली के साइंटिस्ट, डॉ.सतीश कुमार एवं स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ.प्रोमिला सुहाग ने एनसीसी कैडेट्स को केरियर की बारीकियों को विस्तार से समझाया। सर्वप्रथम कैप्टन अनिल तंवर, डॉ मनीष कुमार, डॉ रीना, संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पवन कुमार कौशिक, मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सतीश कुमार, रसायन विभाग से डॉ.कृष्ण कुमार एवं डॉ.मनीष कुमार, अंग्रेजी विभाग से डॉ. वंदना वत्स, डीआरडीओ नई दिल्ली के साइंटिस्ट डॉ. सतीश कुमार को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। व्याख्यान को संबोधित करते हुए डॉ. सतीश कुमार ने एसएसबी के इंटरव्यू साक्षात्कार की बारीकियों से एनसीसी कैडेट्स को अवगत करवाया उन्होंने बताया कि हमें साक्षात्कार में कभी भी झूठ न बोलकर हमेशा सकारात्मक रवैया अपनाना चाहिए। उन्होनें कहा कि दृढ़ निश्चय लगन और मेहनत से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है । उन्होनें कैडेट्स को बताया की ऑफिसर बनने के लिए परिपक्वता कुछ समय में नहीं आती बल्कि हमें अपने जीवन में निरंतर अच्छे नियमों का पालन करना पड़ता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय गोयल ने कहा कि इस तरह के सेमिनार कैडेट्स के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत का कार्य करतें हैं । शिक्षक वर्ग को चाहिए कि वो अपने छात्र छात्राओं के लिए समय-समय पर ऐसे सेमिनार आयोजित करवाते रहे जिससे विद्यार्थियों को अपने करियर के बारे में कोई भी संशय ना रहे । इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ साथ उनके केरियर में अपना लक्ष्य पाने में बहुत सहायक सिद्ध होते हैं। तत्पश्चात स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ.प्रोमिला सुहाग ने एनसीसी कैडेट को व्यक्तित्व विकास पर विस्तार व्याख्यान देते हुए कहा कि जिंदगी में कभी भी किसी कार्य को सीखने के लिए विलंब नहीं होता।हमें हमेशा नई चीजें सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमे हमेशा नकारात्मक रवैया से दूर रहना चाहिए और नई चीजें से सीखने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।उन्होंने कहा कि अगर हमारा चरित्र पवित्र है तो हमें किसी इत्र की आवश्यकता नहीं होती। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

(Signature of Programme coordinator)

Principal
Principal,
VAISH COLLEGE
BHIWANI

N.C.C. OFFICER
VAISH COLLEGE,
BHIWANI

# VAISH COLLEGE, BHIWANI

PROGRAMME REPORT PROFORMA

| | |
|---|---|
| Title of the Programme/event/activity: | **Celebration of 66th Death anniversary of Dr. B.R. Ambedkar** |
| Date of the Programme/event/activity: | **06.12.2022** |
| Venue of Programme/event/activity: | **Vaish College, Bhiwani** |
| Name of the Programme coordinator/convenor | Capt. (Dr.) Anil Kumar, Lt. (Dr.) Reena & Dr. Manish Kumar |
| Designation: | NCC Officer |
| Department: | National Cadet Corps |
| Number of Students Benefited | 175 |

## REPORT

आज वैश्य महाविद्यालय के प्रांगण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल के सानिध्य में एनसीसी अधिकारी कैप्टन अनिल तंवर,डॉ. मनीष कुमार व डॉ. रीना के मार्गदर्शन में डॉ. बी आर अंबेडकर की 66 वी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. बी आर अंबेडकर को एक कानून के विशेषज्ञ, अर्थशास्त्र के ज्ञाता, संविधान निर्माता के अलावा उन्हें दलितों का उद्धार करने वाला मसीहा माना जाता है। कैप्टन अनिल तंवर ने कहा कि देश को पूर्ण जनहितैषी, कल्याणकारी और समतामूलक संविधान देकर धन्य करने वाले बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर को उनके परिनिर्वाण दिवस पर शत्-शत् नमन करते हुए हमे गर्व हो रहा हैं।उन्होंने बताया की उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देने के लिए यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी डॉ. रीना व डॉ. मनीष कुमार ने बताया कि डॉ. बाबासाहब अंबेडकर नाम से लोकप्रिय, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे, उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। वही समतामूलक समाज की स्थापना की दिशा में किए गए उनके कार्य सदैव देशवासियों को प्रेरित करते रहेंगे।उनके संघर्षों ने लाखों लोगों को उम्मीद दी और भारत को इतना व्यापक संविधान देने के उनके प्रयासों को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। संविधान निर्माण के काम में सबसे बड़ी भूमिका निभाने से पहले ही डॉ. अम्बेडकर ने मजदूरों और महिलाओं के हितों के लिए कई जरूरी सुधार करने का काम किया था।डॉ. अम्बेडकर ने महिला श्रमिकों को मातृत्व लाभ देने, बाल मजदूरों की सुरक्षा की दिशा में भी काम किया छुआछूत और सामाजिक भेदभाव का अंत करने के लिए उन्होंने दलित समाज के उत्थान का निर्णय लिया और इस दिशा में कार्य करना शुरू किया। बाद में बाबा साहेब संविधान सभा के अध्यक्ष बने। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर हर युवा के लिए एक मिसाल बन चुके हैं। उनके अनमोल विचार प्रेरणा बनकर जीवन संघर्ष के लिए सभी को प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स, समस्त स्टाफ सदस्यों को भारत की संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें देश की एकता ,अखंडता एवं बंधुत्व को बढ़ाने वाली भावना को अपने जीवन में अपनाने के लिए तथा एक अच्छे नागरिक के कर्तव्य का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग ,रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सविता जैन ,भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मधुरानी, हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा रानी, सहायक प्रवक्ता डॉ. सुरुचि गुप्ता, डॉ. पूनम, अंग्रेजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वंदना वत्स आदि उपस्थित रहे जिनके सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ।

(Signature of Programme coordinator)

Principal

Principal, VAISH COLLEGE BHIWANI

N.C.C. OFFICER VAISH COLLEGE, BHIWANI

# VAISH COLLEGE, BHIWANI

PROGRAMME REPORT PROFORMA

| | |
|---|---|
| Title of the Programme/event/activity: | **A 'Dialogue with Group Commander' for NCC cadets** |
| Date of the Programme/event/activity: | **21.12.2022** |
| Venue of Programme/event/activity: | **Vaish College, Bhiwani** |
| Name of the Programme coordinator/convenor | Capt. (Dr.) Anil Kumar, Lt. (Dr.) Reena & Dr. Manish Kumar |
| Designation: | NCC Officer |
| Department: | National Cadet Corps |
| Number of Students Benefited | 180 |

## REPORT

वैश्य महाविद्यालय प्रांगण में एनसीसी कैडेट्स के लिए "एक- संवाद ग्रुप कमांडर के साथ" कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं एनसीसी अधिकारी कैप्टन अनिल तंवर, डॉ मनीष कुमार ,डॉ रीना के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि **ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरबीर सिंह( युद्ध सेवा मेडल)** रहे। **कर्नल रजनीश मेहता** तथा **कर्नल नीलेश झा** भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता,महाविद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के उप प्रधान डॉ. पवन कुमार बुवानी वाला, विजय किशन अग्रवाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरबीर सिंह एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए अपने व्यक्तित्व में सतत् परिवर्तन की आवश्यकता है। इसके लिए उन्हें अपने दैनिक जीवन में आमूलचूल परिवर्तन करने होंगे तथा सभी दैनिक कार्य योजनाबद्ध तरीके से संपन्न करने होंगे। हमारे जीवन का उद्देश्य दूसरों को खुश करने में है और अपने माता-पिता की खुशी से बढ़कर हमारे जीवन में कुछ भी नहीं है। अगर विद्यार्थी अपने जीवन में इस संकल्प को लेकर चलते हैं तो सफलता उनके कदम अवश्य चूमेगी। इसके लिए उन्हें अपने माता-पिता से संवाद स्थापित करना होगा तथा आसपास घटित हो रही घटनाओं के प्रति भी सजग रहना होगा। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने मुख्य अतिथियों का महाविद्यालय में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। डॉ. पवन कुमार बुवानी वाला ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा की विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। डाॅ.संजय गोयल ने समारोह मे पधारे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि एन सी सी कैडेट्स को महापुरुषो के आदर्शो का अनुसरण करते हुए देश हित में कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने रंगोली प्रतियोगिता की कैडेट्स वंदना ,नेहा ,अंशु को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन डॉक्टर वंदना वत्स ने किया। इस अवसर पर दूसरे महाविद्यालयों एवं विद्यालयों से पधारे एएनओ कैप्टन सविता गोर, कैप्टन अनीता वर्मा , लेफ्टिनेंटराजेश कुमार, कैप्टन जसवंत सिंह, कैप्टनदिलबाग आदि उपस्थित रहे। जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया।

(Signature of Programme coordinator)

Principal

Principal,
VAISH COLLEGE
BHIWANI

N.C.C. OFFICER
VAISH COLLEGE,
BHIWANI

# VAISH COLLEGE, BHIWANI

PROGRAMME REPORT PROFORMA

| | |
|---|---|
| Title of the Programme/event/activity: | **Programme on Army Day** |
| Date of the Programme/event/activity: | **14.01.2023** |
| Venue of Programme/event/activity: | **Vaish College, Bhiwani** |
| Name of the Programme coordinator/convenor | Capt. (Dr.) Anil Kumar, Lt. (Dr.) Reena & Dr. Manish Kumar |
| Designation: | NCC Officer |
| Department: | National Cadet Corps |
| Number of Students Benefited | 190 |

## REPORT

वैश्य महाविद्यालय भिवानी के सेमिनार हॉल में प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं महाविद्यालय एनसीसी विंग के कैप्टन अनिल तंवर डॉ. मनीष कुमार व डॉ. रीना के मार्गदर्शन में थल सेना दिवस का आयोजन किया गया। **कार्यक्रम में कर्नल बीर सिंह व कर्नल राम किशन परमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।** कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित करके की गई तत्पश्चात एनसीसी का गीत 'हम सब भारतीय हैं अपनी मंजिल एक है' गाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल बीर सिंह व कर्नल राम किशन परमार ने शिरकत की। समारोह में मुख्यातिथि कर्नल बीर सिंह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एन.सी.सी. एकता एवं अनुशासन को साथ लेकर युवाओं में नया जोश भर रहा है। युवाओं को भी चाहिए कि वो एकता एवं अनुशासन के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े तभी उच्च पदों पर पहुचा जा सकता है। मुख्यातिथि कर्नल राम किशन परमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह भारतीय फौजी भी कमाल के होते हैं पर्स में परिवार तो दिल में हिंदुस्तान रखते हैं इसी जज्बे को सलाम करते हुए उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को देश के लिए और समाज के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कर्नल राम किशन परमार ने बच्चों को अपने जीवन में एनसीसी के मोटो एकता और अनुशासन को अपनाने पर जोर दिया और एनसीसी कैडेट्स को शपथ दिलाई कि वह अपने जन्मदिवस पर एक पौधा अवश्य लगाएंगे। प्राचार्य डॉ संजय गोयल के द्वारा थल सेना दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कर्नल बीर सिंह वैश्य महाविद्यालय भिवानी के छात्र रहे है वे 1963 में एनसीसी में सीनियर अंडर ऑफिसर रहे और 1965 में एनसीसी की बदौलत ही डायरेक्टर कमीशन हासिल किया। **इस अवसर पर 'युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका' शीर्षक पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया** जिसमें एनसीसी कैडेट ने इन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रीना ने निभाईइस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्रैस प्रवक्ता ललित शर्मा ने बताया की **इस प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा राधा ने प्रथम स्थान ,बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कविता ने द्वितीय स्थान और बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अमृता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।** कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य एवं सभी एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

(Signature of Programme coordinator)

Principal
Principal,
VAISH COLLEGE
BHIWANI

N.C.C. OFFICER
VAISH COLLEGE,
BHIWANI

# VAISH COLLEGE, BHIWANI

PROGRAMME REPORT PROFORMA

| | |
|---|---|
| Title of the Programme/event/activity: | **Felicitation ceremony for the excellent performance of NCC cadets Sergeants Ojas and Nakul in Dehradun under the aegis of All India NCC in the training camp-2023 operated by NCC Group Headquarter Roorkee** |
| Date of the Programme/event/activity: | **20.01.2023** |
| Venue of Programme/event/activity: | **Vaish College, Bhiwani** |
| Name of the Programme coordinator/convenor | Capt. (Dr.) Anil Kumar, Lt. (Dr.) Reena & Dr. Manish Kumar |
| Designation: | NCC Officer |
| Department: | National Cadet Corps |
| Number of Students Benefited | 40 |

## REPORT

एन.सी.सी जीपी मुख्यालय रुड़की द्वारा संचालित एवं एन.सी.सी डीटीई के तत्वावधान में उत्तराखंड देहरादून में आयोजित अखिल भारतीय एनसीसी ट्रेकिंग अभियान बॉयज-2023 में वैश्य महाविद्यालय के एन सी सी कैडेट्स सार्जेंट ओजस व सार्जेंट नकुल का वैश्य महाविद्यालय आगमन पर गया जोरदार स्वागत किया गया ने जिन्होंने इस कैंप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई इनाम जीते थे। वैश्य महाविद्यालय में पहुंचने पर इन कैडेट्स को प्राचार्य डॉ. संजय गोयल,एनसीसी ऑफिसर कैप्टन अनिल तंवर, डॉ. मनीष कुमार एवं डॉ. रीना ने महाविद्यालय परिवार की और से बधाई दी और भविष्य में ऐसे ही शिविर में प्रतिभागिता करते हुए वैश्य महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनएसएस इकाई के सार्जेंट ओजस व सार्जेंट नकुल ने उत्तराखंड में 2 जनवरी से 9 जनवरी तक आयोजित ट्रैकिंग कैंप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए वैश्य महाविद्यालय का नाम रोशन किया जिसके लिए उन्हें प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

(Signature of Programme coordinator)

Principal
Principal,
VAISH COLLEGE
BHIWANI

N.C.C. OFFICER
VAISH COLLEGE,
BHIWANI

# VAISH COLLEGE, BHIWANI

PROGRAMME REPORT PROFORMA

| | |
|---|---|
| Title of the Programme/event/activity: | **Flag Hoisting and Cultural programmes on the occasion of Republic Day** |
| Date of the Programme/event/activity: | **26.01.2023** |
| Venue of Programme/event/activity: | **Vaish College, Bhiwani** |
| Name of the Programme coordinator/convenor | Capt. (Dr.) Anil Kumar, Lt. (Dr.) Reena & Dr. Manish Kumar |
| Designation: | NCC Officer |
| Department: | National Cadet Corps |
| Number of Students Benefited | 200 |

## REPORT

वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट द्वारा अनूठी पहल की शुरुआत करते हुए स्थानीय वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्रांगण में ट्रस्ट द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं वैश्य महाविद्यालय,वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल,वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल और वैश्य प्राइमरी स्कूल, भिवानी द्वारा संयुक्त रूप से वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि वैश्य महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता के साथ उपाध्यक्ष डॉ.पवन बुवानीवाला ,प्रबन्ध समिति के महासचिव सुरेश गुप्ता,ट्रस्टी विजय किशन अग्रवाल,प्राचार्य डाॅ. संजय गोयल,स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डाॅ. प्रोमिला सुहाग, वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर महेश गर्ग, प्राचार्य आशा अवस्थी,वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्या कमला गुरेजा एवं वैश्य प्राइमरी स्कूल के प्राचार्य विजय गुप्ता,एन.सी.सी. अधिकारी डाॅ.(कैप्टन) अनिल तंवर,डाॅ. मनीष कुमार व डाॅ.रीना ने शिरकत की। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करने के पश्चात राष्ट्रीय गान की धुन के साथ ध्वजारोहण किया गया। समारोह में महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने अथितियो की अगवाई की।इसके पश्चात ध्वजारोहण के साथ अतिथियों ने परेड का निरीक्षण किया। समारोह में महाविद्यालय के कैडेट अण्डर आफिसर रजनी के नेतृत्व में वैश्य महाविद्यालय की तीन टुकड़ियो व वैश्य मॉडल स्कूल की दो एक टुकड़ी एन सी सी कैडेट्स व एक बैंड की टुकड़ी के साथ मार्च-पास्ट निकाला गया जिसमें पहली टुकडी का नेतृत्व अंडर ऑफिसर अमित, दुसरी का ओजस तथा तीसरी का स्वाति सिवाच, चौथी का वंश व बैंड का नेतृत्व छात्र युवंश व दीपेश बसिया ने किया। मार्च-पास्ट में विजयी रही टुंकडीयो को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली तीनों संस्थानों की टीमों को 31000/-,31000/- रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी स्टाॅफ सदस्य उपस्थित रहे।

(Signature of Programme coordinator)

Principal
Principal,
VAISH COLLEGE
BHIWANI

N.C.C. OFFICER
VAISH COLLEGE,
BHIWANI

# VAISH COLLEGE, BHIWANI

PROGRAMME REPORT PROFORMA

| | |
|---|---|
| Title of the Programme/event/activity: | **Inter college speech competition on 'Beti Bachao, Beti Padhao'** |
| Date of the Programme/event/activity: | **29.03.2023** |
| Venue of Programme/event/activity: | **Vaish College, Bhiwani** |
| Name of the Programme coordinator/convenor | Capt. (Dr.) Anil Kumar, Lt. (Dr.) Reena & Dr. Manish Kumar |
| Designation: | NCC Officer |
| Department: | National Cadet Corps |
| Number of Students Benefited | 40 |

**REPORT**

वैश्य महाविद्यालय के प्रांगण में एनसीसी इकाई के द्वारा प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ.अनिल कुमार, डॉ. मनीष एवं डॉ. रीना के मार्गदर्शन में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' विषय पर अंतर महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल रघुवीर सिंह व एडमिन कर्नल निलेश कुमार झा उपस्थित रहे। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर कैडेट्स का मार्गदर्शन किया। तत्पश्चात वैश्य महाविद्यालय प्रबंध कमेटी के महासचिव डॉ पवन कुमार बुवानीवाला ने कहा कि नवरात्रों के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का बहुत ही सटीक विषय लिया गया है उन्होंने कहा कि स्त्री हर रूप में पूजनीय है और स्त्री की शक्ति असीम है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नल रघुवीर जी ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज के हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। नारी में सहनशीलता, प्रेम, धैर्य और ममता जैसे गुण मौजूद है। किसी भी समाज की कल्पना नारी के बिना नहीं की जा सकती है। जब कोई नारी कोई भी चीज़ करने की ठान लेती है, तो वह कर दिखाती है। इंदिरा गाँधी, कल्पना चावला, सरोजिनी नायडू जैसी महान शख़्सियत ने अपने आपको अपने क्षेत्र में ना केवल साबित किया, बल्कि लोगो के लिए वे प्रेरणादायक स्रोत भी बनी। भाषण प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों राजीव गांधी महिला महाविद्यालय, महाराज नीम पाल राजकीय महाविद्यालय, जेवीएम चरखी दादरी ,आदर्श महिला महाविद्यालय ,गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के 16 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. वंदना वत्स, डॉ. पूनम वर्मा, डॉ. हरिकेश पंघाल ने निभाई। **प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंशिका गौर आदर्श महिला महाविद्यालय, द्वितीय स्थान सोनिका गवर्मेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, तृतीय स्थान दिव्या शर्मा वैश्य महाविद्यालय ने प्राप्त किया। कैडेट दीक्षा व कैडेट अंकित को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कैडेट ख्वाइश को पंडित शूटिंग में गोल्ड मेडल मिलने पर सम्मानित किया गया।** कर्नल रघुवीर सिंह ने सभी कैडेट्स को अपनी शादी में दहेज ना लेने वह दूसरों को भी दहेज ना लेने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई । इस अवसर पर मंच का सफल संचालन डॉ. रीना ने किया। इस अवसर पर स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग, नायब सूबेदार उमेश कुमार नायब सूबेदार संजय ,सूबेदार विनीत कुमार, बीएचएम कवर, सीएचएम अनुज कुमार , सीएचएम,मुकेश कुमार व महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

(Signature of Programme coordinator)

Principal
Principal,
VAISH COLLEGE
BHIWANI

N.C.C. OFFICER
VAISH COLLEGE,
BHIWANI

# VAISH COLLEGE, BHIWANI

PROGRAMME REPORT PROFORMA

| | |
|---|---|
| Title of the Programme/event/activity: | **Tree plantation** |
| Date of the Programme/event/activity: | **05.04.2023** |
| Venue of Programme/event/activity: | **Vaish College, Bhiwani** |
| Name of the Programme coordinator/convenor | Capt. (Dr.) Anil Kumar, Lt. (Dr.) Reena & Dr. Manish Kumar |
| Designation: | NCC Officer |
| Department: | National Cadet Corps |
| Number of Students Benefited | 170 |

## REPORT

वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनसीसी यूनिट द्वारा नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष एवं डॉ. रीना के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत नीम, पीपल और कनेर के वृक्ष लगाए गए। आज 11 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर रघुवीर कर्नल रघुवीर सिंह के निर्देशानुसार देशभक्तों की प्रतिमाओं को गोद लेने की कड़ी में महाविधालय की एनसीसी यूनिट द्वारा  लाला लाजपत राय चौक पर लगी लाला लाजपत राय जी की प्रतिमा को गोद लिया व प्रतिमा की साफ सफाई की।इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष एवं डॉ. रीना ने कैडेट्स को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में बताया। उन्होनें कहा कि वृक्षारोपण से प्रकृति का सौंदर्य बढ़ता है।प्रकृति की सुंदरता का राज वृक्ष ही हैं क्योंकि वृक्षों के बिना प्राकृतिक दृश्यों का कोई महत्व नहीं है इसलिए वृक्षों की रक्षा करना और वृक्षारोपण करना प्रत्येक मनुष्य का धर्म होना चाहिए। उन्होनें एनसीसी कैडेट्स को लाला लाजपत राय के जीवन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल,डॉ.सुधा चौहान,डॉ.हरिकेश पंघाल,एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष, डॉ. रीना,कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

(Signature of Programme coordinator)

Principal
Principal,
VAISH COLLEGE
BHIWANI

N.C.C. OFFICER
VAISH COLLEGE,
BHIWANI

# VAISH COLLEGE, BHIWANI

PROGRAMME REPORT PROFORMA

| | |
|---|---|
| Title of the Programme/event/activity: | **One day camp dedicated to 'Immortal Martyrs and Environment' on World Earth** |
| Date of the Programme/event/activity: | **23.04.2023** |
| Venue of Programme/event/activity: | **Vaish College, Bhiwani** |
| Name of the Programme coordinator/convenor | Capt. (Dr.) Anil Kumar, Lt. (Dr.) Reena & Dr. Manish Kumar |
| Designation: | NCC Officer |
| Department: | National Cadet Corps |
| Number of Students Benefited | 170 |

**REPORT**

वैश्य महाविद्यालय की एन सी सी इकाई के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष एवं डॉ. रीना के मार्गदर्शन में विश्व पृथ्वी दिवस पर अमर शहीदों एवं पर्यावरण को समर्पित एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने अमर शहीद प्रताप सिंह की प्रतिमा जो बापोड़ा गांव में स्थापित है को गोद लेते हुए प्रतिमा स्थल पर साफ-सफाई करते हुए वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर सभी ने शहीद के पिता गजराज सिंह का आशीर्वाद लिया और उन्हें आश्वासन दिया कि भविष्य में भी प्रतिमा से संबंधित किसी भी कार्य के लिए वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी इकाई हमेशा तत्पर रहेगी। इस अवसर पर अमर शहीद प्रताप सिंह के पिता जुगराज ने एनसीसी कैडेट्स के सराहनीय कार्य को देखते हुए उन्हें मेडल देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर अमर शहीद प्रताप सिंह के साथी सूबेदार उदयवीर सिंह भी मौजूद रहे जिन्होंने अमर शहीद प्रताप सिंह की वीर गाथा से अवगत करवाया। इस अवसर पर डॉ. रीना ने कैडेट्स को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया और कहां कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनका ख्याल रखना तथा समय पर उन्हें खाद पानी देना भी बहुत आवश्यक है। आज वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के कैडेट्स ने विभिन्न गांवों बापोड़ा, धनाना, तिगड़ाना,बलियाली, पालवास सुई ,बामला, जुई आदि गांव में 100 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के एक दिवसीय शिविर के सफल संचालन के लिए एनसीसी अधिकारियों को बधाई दी।इस अवसर पर एनसीसी के सभी अधिकारी एवं कैडेट्स उपस्थित रहे।

(Signature of Programme coordinator)

Principal

Principal,
VAISH COLLEGE
BHIWANI

N.C.C. OFFICER
VAISH COLLEGE,
BHIWANI

## VAISH COLLEGE, BHIWANI

PROGRAMME REPORT PROFORMA

| | |
|---|---|
| Title of the Programme/event/activity: | **Celebration of International Labour Day** |
| Date of the Programme/event/activity: | **01.05.2023** |
| Venue of Programme/event/activity: | **Vaish College, Bhiwani** |
| Name of the Programme coordinator/convenor | Capt. (Dr.) Anil Kumar, Lt. (Dr.) Reena & Dr. Manish Kumar |
| Designation: | NCC Officer |
| Department: | National Cadet Corps |
| Number of Students Benefited | 185 |

**REPORT**

आज वैश्य महाविद्यालय के प्रांगण में एनसीसी यूनिट के द्वारा प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के सानिध्य एवं एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, डॉ. मनीष एवं डॉ. रीना के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स ने" मजदूर दिवस पर "हाथ मिलाएं, खुशियां उनके साथ मनाएं" कार्यक्रम के अंतर्गत मजदूरों को मिठाई बांटकर खुशी मनाई। इस अवसर पर कैप्टन डॉ. अनिल तंवर ने एनसीसी कैडेट्स व मजदूरों को बताया कि आज का दिन मजदूरों को उनके अधिकारों के बारे में अवगत करवाने व समाज में श्रमिकों के योगदान का जश्न मनाने और उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का दिन है। एनसीसी ऑफिसर डॉ. मनीष ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज, देश, संस्था और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहम भूमिका होती है। मजदूरों के बिना किसी भी औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए श्रमिकों का समाज में अपना ही एक स्थान है। इस अवसर पर डॉ. रीना ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस' लाखों मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का दिवस है। एक मजदूर देश के निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता है और उसका देश के विकास में अहम योगदान होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय में चल रहे विभिन्न कार्यों में लगे सभी मजदूरों को मिठाई बांटकर मजदूर दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने एनसीसी अधिकारियों व कैडेट्स को बधाई दी । इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

(Signature of Programme coordinator)

N.C.C. OFFICER
VAISH COLLEGE,
BHIWANI

Principal
Principal,
VAISH COLLEGE
BHIWANI

# VAISH COLLEGE, BHIWANI

PROGRAMME REPORT PROFORMA

| | |
|---|---|
| Title of the Programme/event/activity: | **Cain Baton ceremony of NCC officer Lt.(Dr.) Reena** |
| Date of the Programme/event/activity: | **08.05.2023** |
| Venue of Programme/event/activity: | **Vaish College, Bhiwani** |
| Name of the Programme coordinator/convenor | Capt. (Dr.) Anil Kumar, Lt. (Dr.) Reena & Dr. Manish Kumar |
| Designation: | NCC Officer |
| Department: | National Cadet Corps |
| Number of Students Benefited | 110 |

## REPORT

वैश्य महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट रीना के लिए कैन बैटन सेरेमनी का आयोजन किया गया। लेफ्टिनेंट रीना के महाविद्यालय पहुंचने पर अंडर ऑफिसर नकुल तंवर, अंडर ऑफिसर नेहा बाल्मीकि द्वारा एस्कॉर्ट प्रदान की गई। तदोपरांत उनके सम्मान में महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसको संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि मनुष्य द्वारा किसी भी रूप में किए गए कार्य उनके उन्नति के शिखर तक पहुंचाने में अहम कार्य करते है उनके एक लंबे समय के बाद महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट हो अपना दूसरा एनसीसी अधिकारी मिला है। लेफ्टिनेंट रीना सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर है और उन्होंने एनएसएस में भी बहुत सराहनीय काम किया था।हम आशा करते हैं कि वह एनसीसी में भी कैप्टन डॉ.अनिल तंवर के सानिध्य में महाविद्यालय की एनसीसी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। इसी श्रृंखला में कैप्टन डॉ. अनिल तंवर द्वारा लेफ्टिनेंट रीना को बैटन कैन प्रदान की गई। अपने संबोधन में लेफ्टिनेंट रीना ने कहा मुझे जो दायित्व दिया गया है उसे मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करने का प्रयास करूंगी। विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनूप लता झांझरिया ने कहा कि लैफ्टिनेट रीना ने हमें गौरवान्वित किया है और मुझे उम्मीद है कि इनके नेतृत्व में वैश्य महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। इस अवसर पर मंच का सफल संचालन डॉ. वंदना वत्स के द्वारा किया गया।इस अवसर पर सीडीपीओ महिला एवं बाल विकास कल्याण विभाग श्रीमती दर्शना देवी, एनसीसी यूनिट के प्रभारी कैप्टन डॉ. अनिल तंवर,डॉ. मनीष कुमार, वैश्य महाविद्यालय के स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग और वैश्य महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

(Signature of Programme coordinator)

Principal
Principal,
VAISH COLLEGE
BHIWANI

N.C.C. OFFICER
VAISH COLLEGE,
BHIWANI